# लोहा मंडी : ट्रकों के आने-जाने का समय होगा तय



- महापौर, विधायक ने किया लोहा मंडी क्षेत्र का निरीक्षण
- अंदर की सड़कों का जनभागीदारी से किया जाएगा निर्माण

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की लोहा मंडी में लंबे समय से ट्रैफिक जाम, अव्यवस्थाओं एवं अतिक्रमण की शिकायतों को लेकर आज महापौर, विधायक ने दौरा किया. दौरे में दोनों जनप्रतिनिधि को अव्यवस्थित, अनियंत्रित और अनियमित लोड अनलोड गतिविधि से असुविधा नजर आई है.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक गोलू शुक्ला ने आज अग्रसेन चौराहा से लेकर जूनी इंदौर ब्रिज तक पैदल दौरा किया. साथ ही लोहा मंडी में अंदर की मुख्य सड़कों का पैदल भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया.

इस दौरान महापौर भार्गव ने अधिकारियों से कहा कि लोहा मंडी की सड़कों के दोनों ओर अतिक्रमण को हटाया जाएं, ताकि जाम नहीं लगे. साथ ही लोहा मंडी के अंदर सड़कों को जन भागीदारी से निर्माण कराने के आदेश दिए. क्षेत्र में यातायात जाम को नियंत्रित करने हेतु ट्रक, मालवाहक एवं लोड-अनलोड वाहनों के प्रवेश और समय निर्धारण की व्यवस्था करें. इस संबंध में व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ट्रैफिक विभाग के साथ बैठक कर स्थाई समाधान लागू करने योजना बनाएं.

### संयुक्त भागीदारी आवश्यक

विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि लोहा मंडी शहर का व्यापारिक केंद्र है और यहां सुचारू एवं व्यवस्थित यातायात प्रशासन की प्राथमिकता है. उन्होंने व्यापारियों से कहा कि अव्यवस्था दूर करने में प्रशासन और व्यापार जगत दोनों की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है. **कार्ययोजना बनाकर करें समाधान** : अंत में महापौर भार्गव ने कहा कि निगम एवं प्रशासन कार्ययोजना बनाकर लोहा मंडी क्षेत्र में सड़क, यातायात और अतिक्रमण से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा. निरीक्षण के दौरान पार्षद मृदुल अग्रवाल, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, ट्रैफिक डीएसपी आनंद कलागिरी तथा क्षेत्र के प्रमुख व्यापारिक गण उपस्थित थे.

# सियागंज में दस लाख रुपये की मिलावटी सौंफ, खसखस जब्त

### गोदाम किया गया सील

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आज खाद्य औषधि विभाग ने सियागांज में एक गोदाम पर छापा मारकर कलर मिली सौंफ और मिलावटी खसखस जब्त की. खाद्य विभाग के अनुसार जब्त सौंफ और खसखस का बाजार मूल्य करीब 10 लाख रुपए है. खाद्य विभाग ने सौंफ और खसखस के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजकर गोदाम सील कर दिया है.

आज कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जवाहर मार्ग वेयर हाउस रोड़ स्थित जयश्री मर्चेंट के गोदाम पर छापा मारा. छापे के दौरान उक्त प्रतिष्ठान के प्रोपराईटर अमित गोगिया है. गोदाम परिसर में खाद्य पदार्थ सौंफ एवं खसखस का भंडारण बेचने के लिए किया गया था. सौंफ की प्रारंभिक जांच करने पर कलर मिला तथा खसखस भी अमानक स्तर की होने पर दोनों खाद्य पदार्थों के नमूने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जांच हेतु लिए गए. खाद्य औषधि मुख्य अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि गोदाम में लगभग 900 किलो सौंफ एवं लगभग 400 किलो खसखस जप्त की गई. उक्त फर्म के गोदाम का खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीयन ना होने के कारण, गोदाम को आगामी आदेश तक सील कर दिया गया है. स्वामी ने कहा कि सौंफ और खसखस के सभी नमूनों को विस्तृत जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा. जांच



रिपोर्ट मिलने पर आगे वैधानिक कारवाई की जाएगी. उक्त कारवाई में खाद्य इंस्पेक्टर मनोज रघुवंशी और राकेश त्रिपाठी के द्वारा की गई.

**उपभोक्ता ऐसे जांच सकते है...**

उपभोक्ता अपने घर पर ही मिलावटी सौंफ और खसखस की पहचान आसान तरीके से कर सकते हैं। सौंफ को हाथ में लेकर रगड़ने पर हाथ में बहुत ही गहरा हरा रंग आ रहा है तो कलर मिला होता है, यदि हल्का हरा रंग है तो यह प्राकृतिक है. इसी तरह खसखस को पानी भरे कांच के गिलास में डालें। शुद्ध खसखस होगी तो नीचे तले में बैठ जाएगी. खसखस में मिलावट है तो अशुद्धियां तैरने लगेगी और पानी का रंग दूधिया हो जाएगा.

## डोंबिवली बैंक की इंदौर शाखा का लोकार्पण

**इंदौर.** डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक ने आज इंदौर में अपनी 69वीं शाखा का शुभारंभ करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की. यह बैंक की मध्यप्रदेश में दूसरी शाखा है, जिसकी पहली शाखा का उद्घाटन 14 नवंबर को उज्जैन में किया गया था. कार्यक्रम मे प्रमुख उद्घाटक के रूप में डॉ. प्रकाश शास्त्री, प्रांत संघचालक मालवा प्रांत राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ उपस्थित थे. विनीत नवाथे, प्रांत कार्यवाह, मालवा प्रांत, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण था सुमित्रा महाजन की उपस्थिति. अपने उद्घाटनपर भाषण में डॉ. प्रकाशजी शास्त्री ने डोंबिवली बैंक की सराहना करते हुए कहा कि बैंक की 'राष्ट्र प्रथम' की नीति इसकी सफलता का आधार है. बैंक द्वारा सहकार भारती महामंत्री कीर्तिश धमरीकर एवं अन्य कार्यकर्ताओं के विशेष सहयोग की सराहना की गई. कार्यक्रम की शुरुआत में डोंबिवली बैंक के अध्यक्ष गणेश धारगळकर ने बैंक की विकास यात्रा का प्रेरणादायी वर्णन किया.

# बड़ा आर्थिक सुधार लाता है अस्थायी कठिनाइयां

## काजा ने नोटबंदी से नोटों तक की वह तकनीक बताई, जो गूगल पर भी नहीं

**इंदौर.** फ्लो इंदौर ने चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल के नेतृत्व में 'मनी, मैनी स्टोरीज़' शीर्षक से एक पावर-पैक और ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया. इस सत्र में भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्रा. लि. के पूर्व प्रबंध निदेशक और आरबीआई के पूर्व प्रधान मुख्य महाप्रबंधक सुधाकर काज़ा मुख्य वक्ता रहे. कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रियंका मोक्शमर और सुश्री नेहा जैन द्वारा किया गया. सत्र में भारत की मुद्रा प्रणाली, नोटबंदी और करेंसी के विकास से जुड़ी कई दुर्लभ जानकारियाँ साझा की गईं- जिन्हें, काज़ा के शब्दों में, 'गूगल पर भी नहीं पाया जा सकता.'

श्री काज़ा ने भारतीय मुद्रा के इतिहास का रोचक विवरण देते हुए बताया कि शुरुआती दौर में नोटों पर स्मारक छपते थे और 1969 में पहली बार महात्मा गांधी की तस्वीर शामिल की गई. उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान नोटों का डिज़ाइन वर्ष 2013 में अंतिम रूप से तय किया गया और 2012 में नोटों का आकार इसलिए बदला गया क्योंकि पुराने नोट आम वॉलेट में फिट नहीं होते थे. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नोटों के रंगों का चयन दृष्टिबाधित लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया, ताकि अधिकतम दृश्यता और पहचान सुनिश्चित हो सके. नोटबंदी पर विस्तार से बात करते हुए, जिसे उन्होंने भारत के इतिहास की तीसरी नोटबंदी बताया, काज़ा ने कहा कि कोई भी बड़ा आर्थिक सुधार जनता के लिए अस्थायी कठिनाइयाँ लाता है, लेकिन उसका दीर्घकालिक लाभ देश को मिलता है. उन्होंने यह भी बताया कि नोटबंदी के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में हिंसा में उल्लेखनीय कमी देखी गई- 'कश्मीर में पथराव तक नहीं हुआ,' उन्होंने कहा. इसके अलावा, पैन-आधार लिंकिंग के बाद पैन कार्ड पंजीकरण में रिकॉर्ड वृद्धि हुई. जीएसटी पर बात करते हुए उन्होंने इसे एकीकृत कर व्यवस्था और बड़े आर्थिक सुधार का महत्वपूर्ण कदम बताया.

**हर नोट कहता है राष्ट्र निर्माण की कहानी**-चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा इस सत्र ने हमें याद दिलाया कि हमारी जेब में रखा हर नोट राष्ट्र निर्माण, दृष्टि और दृढ़ता की कहानी कहता है. श्री काज़ा की बातें भारतीय आर्थिक सुधारों के महत्व को और मजबूत रूप से उजागर करती हैं. कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ. आर्किटेक्ट श्रुति पुरोहित ने आभार माना.



### नोटों में 51 सुरक्षा फीचर्स

2000 के नोट को लेकर उत्सुकता दूर करते हुए उन्होंने बताया कि इसे केवल एक बार के संक्रमणकालीन नोट के रूप में लाया गया था, ताकि तरलता जल्द बहाल की जा सके, और उद्देश्य पूरा होने के बाद इसे वापस ले लिया गया. काज़ा ने बताया कि इस नोट की छपाई को 2000 लोगों ने लगातार 90 दिनों तक 12-12 घंटे की शिफ्ट में पूरी गोपनीयता के साथ अंजाम दिया. सुरक्षा और तकनीक पर बात करते हुए काज़ा ने बताया कि 2005 के बाद जारी नोटों में वास्तव में 51 सुरक्षा फीचर्स हैं, जबकि आम जनता को केवल 17 ही ज्ञात हैं. उन्होंने बताया कि आज भारत 100% स्वदेशी, कॉटन-बेस्ड नोट छाप रहा है, जिससे किसानों को लाभ मिलता है.

### एक नजर में

## केविनकेयर ने खंडवा में लांच किया चिक क्विक क्रेम हेयर कलर

इंदौर. केविनकेयर का चिक ब्रांड, खंडवा के बाजार में हेयर कलर कैटेगरी में एक क्रांतिकारी उत्पाद- चिक क्रिक क्रेम हेयर कलर लेकर आया है. इस घोषणा के साथ चिक ने क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में अपनी एंट्री दर्ज की है. यह उत्पाद एक अनोखे 10-मिनट के फास्ट एक्शन फॉर्मूले से लैस है, जो क्रेम हेयर कलरिंग को और आसान व समय-बचाने वाला बनाता है. केविनकेयर के बिजनेस हेड पर्सनल केयर रजत नंदा ने कहा कि खंडवा में हेयर कलर बाजार तेजी से बदल रहा है. उपभोक्ता अब ऐसे समाधान चाहते हैं, जो गुणवत्ता, सुविधा और किफायत को एक साथ लाएं. अब तक कई उपभोक्ता पारंपरिक हेयर कलर फॉर्मेट पर निर्भर रहे हैं, जिनमें उपयोग की आसानी और अनुभव की कमी रहती है. चिक क्रिक क्रेम हेयर कलर के साथ, हम गर्व से कह सकते हैं कि हम इस अंतर को दूर कर रहे हैं.

## दद्दा धाम बना अध्यात्म व आस्था का तीर्थस्थल

इंदौर. कटनी के दद्दा धाम में संपन्न गृहस्थ संत गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' की विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा का पाँच दिवसीय महोत्सव भक्तिभाव का ऐसा अद्वितीय पर्व बन गया, जिसने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया. दद्दाजी की वाणी और उपदेशों के प्रति अटूट आस्था ही वह धागा थी, जिसने महोत्सव के पाँच दिनों में पहुँचे लगभग 7 लाख श्रद्धालुओं को एक ही भाव-धारा में पिरोए रखा। केवल अंतिम दिन ही करीब 1.35 लाख भक्तों का जनसागर उमड़ पड़ा. महोत्सव के मुख्य आयोजक, दद्दाजी मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक और दद्दाजी के भक्त संजय सत्येंद्र पाठक ने कटनी की जनता, प्रशासन, संतसमाज और प्रत्येक श्रद्धालु को महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद अर्पित किया. उन्होंने कहा दद्दाजी की शिक्षाओं के प्रति लोगों की अटूट आस्था महोत्सव के हर पल, हर दृश्य और हर भाव में झलक रही थी. उन्होंने यह घोषणा भी की कि अब प्रतिवर्ष प्राण-प्रतिष्ठा दिवस पर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा.

## मेट्रो ब्राण्ड्स ने इंदौर में खोला मेट्रोएक्टिव स्टोर



**इंदौर.** फुटवियर रीटेलर मेट्रो ब्राण्ड्स लिमिटेड ने इंदौर में अपने पहले मेट्रोएक्टिव स्टोर को लॉन्च किया. शहर में ब्राण्ड की शुरूआत भारत को 'एक्टिव बनने एवं एक्टिव बने रहने' हेतु प्रेरित करने के लिए की गई है. स्टोर का नया फोर्मेट, विश्वस्तरीय ब्राण्ड्स, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन एवं सामुदायिक अनुभव का संयोजन है जो देश में एक्टिव लाईफस्टाल रीटेल को नई परिभाषा देगा.

लॉन्च समारोह की शुरूआत एनर्जी से भरपूर 5के रन के साथ हुई, जिसमें 300 से अधिक फिटनेस प्रशंसकों, इन्फ्लुएंसर्स, लोकल रनिंग ग्रुप्स और शहर के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया. सभी ने मिलकर फिटनेस एवं वैलनैस को बढ़ावा दिया. रन का समापन हाई स्ट्रीट अपोलो मॉल में नए खुले मेट्रोएक्टिव स्टोर में हुआ, जहां इंटरैक्टिव इन-स्टोर एक्टिवेशन्स, फिटनैस चैलेंज एवं कम्युनिटी एंगेजेन्ट सैशन्स के साथ मेहमानों का स्वागत किया गया. लॉन्च पर निस्सान जोसेफ़, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, मेट्रो ब्राण्ड्स ने कहा मेट्रोएक्टिव एक रीटेल फोर्मेट से कहीं बढ़ कर है: यह एक आंदोलन है, जिसे भारत को स्वस्थ एवं अधिक सक्रिय जीवनशैली जीने हेतु सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. मेट्रो ब्राण्ड्स की प्रेसीडेंट अलिशा मलिक ने कहा कि इंदौर में फिटनेस प्रशंसकों की कम्युनिटी तेज़ी से बढ़ रही है, ऐसे में यह इस यात्रा की शुरूआत के लिए परफेक्ट शहर है. मेट्रोएक्टिव के बिजनेस हेड-एवीपी आरिफ भम ने कहा मेट्रोएक्टिव के माध्यम से हमारा उद्देश्य विश्वस्तरीय परफोर्मेन्स ब्राण्ड्स, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और सामुदायिक भावना को एक साथ लाना तथा ऐसे स्थान का निर्माण करना है जहां सक्रियता जीवन जीने का तरीका बन जाए.

